सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, केकड़ी जिला – अजमेर (राज.)

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या – 1562/2017

पीठासीन अधिकारीः– श्री नीरज कुमार मीना (आर.ए.एस.)

विक्रम सिह पुत्र हनुमानसिह जाति राजपूत निवासी ग्राम भराई तहसील केकडी जिला अजमेर राज.

प्रार्थी

बनाम

1. छीतर पुत्र अर्जुन जाति गुजर
2. छोटूलाल पुत्र घीसालाल जाति ब्राम्हण
3. मिश्रीलाल पुत्र नन्दा जाति दरोगा
4. उच्छब कंवर पत्नि गोवर्धन जाति दरोगा
   समस्त निवासीगण ग्राम भराई तहसील केकडी जिला अजमेर
5. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार केकड़ी जिला अजमेर

अप्रार्थीगण

वादपत्र अन्तर्गत धारा 128 व 136 राज. भू. राज.अधि.

निर्णय

दिनांकः– 23.05.2018

पत्रावली आज दिनांक केम्प कोर्ट न्याय आपके द्वार 2018 केम्प भराई में पेश हुई। वादीगण/प्रतिवादी उपस्थित। संक्षेप में विवरण निम्नानुसार है–

वादी ने जरिये अधिवक्ता एक वाद अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम के तहत पेश कर निवेदन किया है कि वादी की वाद ग्रस्त भूमि वाके ग्राम भराई तहसील केकडी जिला अजमेर में स्थित है। उक्त वाद वर्णित आराजीयात के खाता स. 237 के खसरा नम्बर 563 रकबा 0.93 है. किस्म बारानी 2 जर्ये विक्रय पत्र से खातेदारी दर्ज है। वादग्रस्त आराजीयात प्रार्थी की खातेदारी की आराजीयात है तथा वादग्रस्त आराजीयात पर प्रार्थी की मौके पर काश्त चला आ रहा है। आराजीयात के आस पडोस में अप्रार्थी स. 1 लगायत 5 की खातेदारी की आराजीयात स्थित है व खसरा नम्बर 562 रकबा 1.62 है. में से अप्रार्थी स. 2 की खातेदारी आराजी है। खातेदारी आराजी 563 के लगवा अप्रार्थी स . 1 की आराजी खसरा नम्बर 566 व अप्रार्थी स. 3,4 की खातेदारी आराजी खसरा नम्बर 562 का शेष हिस्सा व अप्रार्थी स. 3,4 की खातेदारी की आराजी खसरा नम्बर 561 स्थित है। व अप्रार्थी स. 5 की आराजी खसरा नम्बर 564 स्थित है। प्रार्थी ने बार बार सीमाज्ञान करवाया पर अप्रार्थीगण सीमा चिन्ह को मिटा देते है। प्रार्थी उक्त वादग्रस्त आराजीयात के स्थायी पत्थरगढी एवं नक्शे में दुरूस्त करवाये जाने का निवेदन किया है।

हमने वादीगण का दावा दर्ज मुकदमा रजिस्टर किया। आज दिनांक 23.05.2018 को न्याय आपके द्वार केम्प भराई में पेश हुई। प्रार्थी /अप्रार्थी स. 2 व 3 उप.। राजस्व रिकॉर्ड अनुसार उक्त आराजी प्रार्थी की क्रयशुदा स्वयं की खातेदारी होने से पत्थरगढी किया जाना उचित है। वादग्रस्त आराजी वादीगण के खातेदारी में दर्ज होने से वाद पत्र का संतुलन वादीगण के पक्ष में होने से प्रार्थी का दावा प्रेमापेशाई होना पाया जाता है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र वाके ग्राम ग्राम भराई तहसील केकडी जिला अजमेर में स्थित है। उक्त वाद वर्णित आराजीयात के खाता स. 237 के खसरा नम्बर 563 रकबा 0.93 है. पत्थरगढी करने हेतु प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार केकड़ी को निर्देशित किया जाता है कि वे वादग्रस्त आराजी की नियमानुसार शुल्क जमा कर पत्थरगढी कराकर मौका रिपोर्ट न्यायालय हाजा में पेश करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हों।

निर्णय आज दिनाक 23.05.2018 को पृथक से लिखाया जाकर शामिल पत्रावली किया व निर्णय केम्प कोर्ट भराई में मजमे आम सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
केकड़ी